हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 30 नवंबर 2025

04 मंडी रोड पर बढ़ते ट्रैफिक से हादसा दंपती को बस ने ...



07 ईसागढ़-चंदेरी मार्ग पर कार पेड़ से टकराई पति की मौत, पत्नी समेत...





## समाचार संक्षेप

### अब दौरे के दौरान सिंधिया के साथ कार में बैठेंगे मंडल अध्यक्ष और आम कार्यकर्ता

**गुना।** जिले के तीन दिवसीय दौरे पर आए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को भाजपा संगठन और कार्यकर्ताओं के साथ सीधे संवाद को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण और नई व्यवस्था लागू की है। अब से सिंधिया के काफिले में उनकी गाड़ी में जिलाध्यक्ष के साथ-साथ, दौरे वाले मंडल के अध्यक्ष और एक सामान्य भाजपा कार्यकर्ता भी साथ बैठेंगे। यह निर्णय शनिवार सुबह एक निजी होटल में आयोजित वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक में लिया गया। इस कदम का उद्देश्य कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित करना और उन्हें पार्टी नेतृत्व के साथ सहज महसूस कराना है।

### चातुर्मास उपरांत निर्यापक संत योग सागर महाराज का गुना से हुआ विहार

**गुना।** आचार्यश्री विद्यासागर महाराज एवं नवाचार्य समय सागरजी महाराज के गृहस्थ जीवन के सगे भाई निर्यापक संत मुनिश्री योग सागर महाराज का ससंघ मंगल विहार शनिवार दोपहर को हुआ। मुनिसंघ ने लगभग चार महीन से अधिक समय तक चातुर्मास के दौरान गुना में धर्म प्रभावना की। इस दौरान मुनिसंघ के सानिध्य में इंद्रध्वज महामंडल सहित अनेकों ऐतिहासिक धार्मिक कार्यक्रम हुए। वहीं शहर में जैन स्कूल, आयुवद पूर्णायु अस्पताल सहित अन्य सामाजिक प्रकल्पों की स्थापना के लिए भूमि शिलान्यास हुआ। इस अवसर पर दोपहर मुनिसंघ ने पैदल विहार करते हुए शहर की सीमा टोलनाका के पास गौशाला तक पहुंचे। यहां रात्रि विश्राम हुआ। वहीं रविवार की आहारचर्या भी गौशाला पर होगी। समायिक उपरांत मुनिसंघ का विहार रुठियाई की ओर होगा। मुनिसंघ की मंगल विहार की मुख्य दिशा राजस्थान की ओर है। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ मुनिसंघ की विदाई दी।

### सामाजिक सदभाव पर अर्थ का अनर्थ रोकने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**गुना।** मध्य प्रदेश अजाक्स (अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ) के प्रांतीय अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा के समर्थन में समूचे प्रदेश के साथ ही गुना जिले में भी संघ द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। अजाक्स ने शासन से मांग की है कि प्रांतीय अध्यक्ष के एक संबोधन को लेकर सोशल मीडिया पर किया जा रहा भ्रामक प्रचार तत्काल रोका जाए। ज्ञापन में अजाक्स ने कहा कि सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही नकारात्मक और गलत जानकारियों से भारतीय सनातन संस्कृति और सामाजिक सद्भाव पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। संघ का दावा है कि प्रांतीय अध्यक्ष संतोष वर्मा के वक्तव्य का मूल भावार्थ सामाजिक समरसता को लेकर था।

### गुना की गौरवशाली बेटी आईएएस सपना जैन का भव्य अभिनंदन समारोह आज

**गुना।** शहर की गौरवशाली बेटी और हाल ही में भारतीय प्रशासनिक सेवा अवार्ड प्राप्त करने वाली सपना अनुराग जैन के सम्मान में 30 नवंबर 25 को एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह समारोह दोपहर 3.30 बजे से श्री ऋषभायतन नसियाजी, बजरंगगढ़ रोड गुना में आयोजित होगा। सपना जैन, जो मध्य प्रदेश राज्य प्रशासनिक सेवा (2007 बैच की डिप्टी कलेक्टर) की अधिकारी थीं, को हाल ही में भारत सरकार द्वारा 2020 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी के रूप में अवार्ड किया गया है। उनकी इस प्रेरक उपलब्धि ने गुना शहर और जैन समाज का नाम पूरे देश में रौशन किया है।सामाजिक संगठनों द्वारा सम्मानयह अभिनंदन समारोह गुना के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, प्रशासनिक और व्यापारिक संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है, जो उनकी सफलता के प्रति शहर के गौरव और स्नेह को दर्शाता है।

### खाद संकट पर फूटा गुस्सा, सवर्ण आर्मी का प्रदर्शन

**गुना।** खाद वितरण केंद्र पर लाइन में लगी एक आदिवासी महिला किसान की दुखद मृत्यु के बाद, गुना जिले में खाद संकट और कालाबाजारी को लेकर गुस्सा फूट पड़ा है। शुक्रवार को सवर्ण आर्मी ने हनुमान चौराहे पर उग्र प्रदर्शन किया और खाद में व्याप्त कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन को एक कड़ा ज्ञापन सौंपा। संगठन ने आरोप लगाया कि मोहन यादव सरकार की अव्यवस्था और सरकारी लापरवाही के चलते आदिवासी बहन भूरिया बाई सहरिया की मृत्यु हुई है, जो दो दिन तक कडक़ड़ाती ठंड में खाद के इंतजार में लाइन में खड़ी रहीं और उन्हें अंत समय में एंबुलेंस तक नहीं मिली। सवर्ण आर्मी ने इस घटना को प्राकृतिक मौत नहीं, सरकारी लापरवाही से हुई हत्या करार दिया।

## केंद्रीय मंत्री ने किया नव निर्मित पत्रकार भवन का लोकार्पण

### भवन में सौर ऊर्जा के नवाचार को सराहा

# पत्रकार भवन संवाद के लोकतांत्रिक मूल्य को मजबूत करेगा : सिंधिया







हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पत्रकार भवन का क्षेत्र के पत्रकारों के लिए नए अवसरों, नई ऊर्जा और नई दिशा का मार्ग प्रशस्त करेगा। यह भवन संवाद के लोकतांत्रिक मूल्य को मजबूत करेगा और मीडिया जगत को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

यह बात क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्व. देवेंद्र सिंह मधुरानी लोढा पत्रकार भवन के लोकार्पण अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। वहीं प्रेस क्लब गुना के अध्यक्ष आनंद सिंह लोढा ने बताया कि शिवपुरी, गुना एवं अशोकनगर की क्षेत्रीय पत्रकारिता को नई दिशा एवं मजबूती प्रदान करने की दिशा में ये एक बड़ा कदम है।

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़, विधायक पन्नालाल शाक्य, नगरपालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार एवं जगदीश मीना मंचासीन रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष आनंद सिंह ने की। वहीं कार्यक्रम में जिले भर के पत्रकारों की मौजूदगी रही। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने शनिवार को शहर में पत्रकार भवन का लोकार्पण किया।

### पूर्वजों का इतिहास हमारी धरोहर

सिंधिया पत्रकार पवन के लोकार्पण पर केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने पत्रकारों को सीख भी दे डाली। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को अपना इतिहास कभी नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने क्रांतिकारी गणेश शंकर विद्यार्थी, पं. दीनदयाल उपाध्याय सहित तमाम ऐसी हस्तियों का जिक्र किया, जिन्होंने अपनी लेखनी से समाज को नई दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को हमेशा नकारात्मक खबरों से ज्यादा सकारात्मक खबरों को स्थान देना चाहिए। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि जनहित में अगर कोई खबर प्रासंगिक हो, तो उसे पत्रकारों को जरूर छापना और दिखाना चाहिए।



### पत्रकारों के आत्मनिर्भर बनने पर मुग्ध हुए सिंधिया

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रेस क्लब अध्यक्ष आनंद सिंह लोढा के भाषण का जिक्र करते हुए केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि यह अच्छी बात है कि गुना जिले के पत्रकार आत्मनिर्भर हो रहे हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि पत्रकार भवन में कोई बिजली कनेक्शन नहीं है और यह भवन पूरी तरह सौर ऊर्जा पर निर्भर है। उन्होंने पत्रकार भवन के निर्माण, सौन्दर्य और सफाई व्यवस्था की भी जमकर तारीफ की। इस अवसर पर गुना, अशोकनगर और शिवपुरी जिले के तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

### कलम नहीं अब बटन का दौर

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि वो जमाना गया जब कलम से क्रांति की इबारत लिखी जाती थी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश डिजीटल हो रहा है, इस लिहाज से पत्रकारों को कलम की वजाय अब बटन को दबाना पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकारों को अब इस बात पर आत्मचिंतन करना होगा कि जो खबर वह छाप रहे हैं, उसका असर समाज पर क्या होगा।

## खाद संकट में मृतका भूरिया बाई के परिवार से मिलने पहुंच गए केंद्रीय मंत्री सिंधिया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

डीएपी खाद संकट में भूरिया बाई की दुखद मृत्यु के बाद केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज शनिवार को अपना प्रस्तावित कार्यक्रम स्थगित कर सीधे मृतका के परिजनों से मिले। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाया, गहरा शोक व्यक्त किया और कहा कि आज मैंने अपने परिवार का एक सदस्य खो दिया है। केन्द्रीय मंत्री ने तत्काल प्रभाव से मुख्यमंत्री रिलीफ फंड से 2 लाख की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई और परिजन को मृत्यु प्रमाण पत्र दिलवाया।सिंधिया ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि परिवार को आगे कोई प्रशासनिक परेशानी न हो और सभी सहायता समय पर मिले। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में किसी किसान को ऐसी असुविधा न झेलनी पड़े, इसके लिए खाद वितरण व्यवस्था को बिल्कुल दुरुस्त किया जा रहा है और वे स्वयं इसकी निगरानी कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि मेरे अन्नदाताओं की सुरक्षा और सम्मान मेरी प्राथमिक जिम्मेदारी है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।अचानक बागेरी खाद वितरण केंद्र पर पहुंचे सिंधियाइधर मृतक परिवार से भेंट कर लौटते समय श्री सिंधिया ने बमोरी के बागेरी खाद वितरण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खाद वितरण व्यवस्था को न सिर्फ देखा बल्कि खाद वितरण काउंटर बढ़ाकर 15 से 33 किए। केंद्रों को शनिवार को भी खुलवाया और सुबह 6 बजे से वितरण शुरू कराया।



### बहुप्रतीक्षित सिंध जल नदी प्रदाय योजना के तहत अमृत2.0 योजना का किया भूमिपूजन

# 2050 तक शहर की पेयजल आपूर्ति को पूरा करेगी सिंध नदी जल प्रदाय योजना: सिंधिया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज गुना में बहुप्रतीक्षित सिंध नदी जल प्रदाय योजना के अंतर्गत महत्त्वपूर्ण अमृत2.0 योजना का भूमि पूजन किया। इसके साथ ही एसडीएम भवन एवं तहसील भवन कार्यालय का लोकार्पण किया। क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए उन्होंने पार्टली हाईस्कूल के नव निर्मित भवन का भी लोकार्पण किया। इस प्रकार उन्होंने इस कार्यक्रम के माध्यम से गुना क्षेत्र को कुल 67 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दी। उल्लेखनीय है कि सिंधिया इस दौरे पर लगभग 200 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने जा रहे हैं और उक्त योजनाएं उसी श्रृंखला का हिस्सा है।2050 तक शहर की पेयजल आपूर्ति को पूरा करेगी सिंध नदी जल प्रदाय योजनाकेन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने सर्वप्रथम सिंध नदी जल प्रदाय योजना के अंतर्गत आने वाले 48.75 करोड़ की अमृत2.0 परियोजना का शिलान्यास किया। यह परियोजना वर्ष 2050 तक गुना शहर को निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, जो बढ़ती आबादी और शहरी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक समाधान प्रदान करेगी। सिंधिया ने कहा कि यह योजना न केवल शहर की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान देगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी सुरक्षित जल की गारंटी प्रदान करेगी। इस दौरान नपा अध्यक्ष श्रीमति सविता अरविंद गुप्ता ने श्री सिंधिया को राधा कृष्ण की प्रतिमा भेंट कर योजना के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। सिंधिया ने इस अवसर पर क्षेत्र के प्रति अपने व्यक्तिगत जुड़ाव को दोहराते हुए कहा कि गुना केवल उनका संसदीय क्षेत्र नहीं, बल्कि उनका परिवार है। गुना के हर घर की सुविधा, हर परिवार की समृद्धि, और हर युवा के उज्जवल भविष्य के लिए मैं प्रतिबद्ध हूँ। जनता का विश्वास मेरी सबसे बड़ी शक्ति है, यह शक्ति मुझे गुना के निरंतर विकास के लिए दिन-रात कार्य करने की प्रेरणा देती है।



हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निर्मेश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण**- 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रधवन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजींव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति —धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण**- 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हंर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाश प्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## समाचार संक्षेप

### उमरा हज के लिए रवाना हुए पठान दंपती, मक्का मदीना में मुल्क की अमन-चैन की करेंगे दुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

नगर की गंगा-जमुनी तहज़ीब के बीच पठान रफीक एवं बेगम जरीना खान उमरा हज यात्रा के लिए रवाना हुए। रवाना होने से पूर्व उन्होंने लोगों से बातचीत में कहा कि वे मक्का-मदीना पहुँचकर मुल्क की अमन-चैन, खुशहाली और सभी के बेहतरी की दुआ करेंगे। पठान के बेटे नासिर पठान ने बताया कि उमरा हज की यह यात्रा 20 दिन की होती है, जबकि मुख्य हज यात्रा 40 दिन की होती है। हज पर जाने से पूर्व उमरा की 20 दिन की यात्रा पूरी करना आवश्यक माना जाता है, जिसके बाद मक्का-मदीना में 40 दिन की यात्रा पूर्ण करने पर हज संपन्न माना जाता है।आरोन नगर जो हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक माना जाता है, वहां से बंटी बुनकर, देवेंद्र सप्रे, मनोज जोशी, रईस पठान, अयूब पठान, बबलू पठान, अशरफ पठान, शाहिद पठान तथा पत्रकार बंटी राजपूत सहित अनेक लोगों ने उन्हें शुभ यात्रा की शुभकामनाएँ दीं। लोगों ने मुस्कुराकर कहा—"मदीने वाले से हमारा सलाम कहना।"

### वार्ड 5 में एसआईआर मतदाता पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण, निर्वाचन आयोग की टीम ने लिया अपडेट



हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

**आरोन।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगर परिषद आरोन क्षेत्र में चल रहे S.I.R. मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत सुपरवाइजर मोहित (बिजौले उपयंत्री) एवं मॉनिटरिंग इंचार्ज भानु रघुवंशी (नगर परिषद) ने वार्ड क्रमांक 5 का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने शासकीय B.L.O., आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व कांग्रेस पार्टी के B.L.A. से मतदाता सूची संशोधन कार्य की प्रगति की जानकारी ली। इस अवसर पर वार्ड पार्षद रामेश्वर साहू ने भी मौके पर उपस्थित रहकर टीम को वार्ड की स्थिति एवं मतदाता पुनरीक्षण से जुड़े आवश्यक बिंदुओं से अवगत कराया।टीम द्वारा घर-घर चल रहे सत्यापन, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, त्रुटि सुधार एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने सभी संबंधित कर्मचारियों को समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।मतदाता पुनरीक्षण कार्य लगातार गति से जारी है और वार्डवासियों से अपील की गई है कि वे अपने दस्तावेज उपलब्ध कराकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करें।

नगरवासियों ने पुलिस चौकी व ट्रैफिक नियंत्रण की उठाई मांग

# मंडी रोड पर बढ़ते ट्रैफिक से हादसा दंपती को बस ने टक्कर मारी, घायल







हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

फसल सीजन के चलते मंडी क्षेत्र में इन दिनों भारी भीड़भाड़ देखने को मिल रही है। कल इसी शोर-शराबे के बीच अचानक सन्नाटा पसर गया, जब मंडी रोड पर एक बड़ा हादसा हो गया। आपको बता दें कि फसल आने का समय होने से मंडी में आवक तेज हो गई है, किसान अपने वाहनों के साथ लगातार पहुंच रहे हैं। रोजाना बढ़ते दबाव के कारण मंडी रोड व भोपाल–सिरोंज मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति आम हो गई है।दिनभर यहां बसों, ट्रकों, ऑटो और मोटरबाइकों की अव्यवस्थित आवाजाही जारी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार तो भीड़ और जाम के कारण भोपाल ले जाए जा रहे मरीजों की एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती है, जिससे स्थिति और गंभीर हो जाती है।कल इसी अव्यवस्थित ट्रैफिक ने एक बड़ा हादसा जन्म दिया। एक मोटर बाइक पर सवार दंपत्ति को तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। जाम से निकलते ही बसें और अन्य वाहन अचानक तेज गति पकड़ लेते हैं, जिससे आने-जाने वालों के लिए गंभीर खतरा बन जाता है। चाहे वाहन छोटा हो या बड़ा, हर किसी के लिए यह मार्ग अब जोखिम भरा बन चुका है।हादसे के बाद स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों तथा आसपास के ग्रामवासियों में भारी आक्रोश है। सभी ने मिलकर कलेक्टर महोदय से मंडी रोड पर स्थायी पुलिस चौकी स्थापित करने व ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।लोगों का कहना है कि यदि समय रहते यातायात व्यवस्था सुधारी नहीं गई तो भविष्य में और भी गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं। मंडी क्षेत्र में ट्रैफिक प्रबंधन, बैरिकेडिंग, पुलिस तैनाती और सड़क अनुशासन को लेकर त्वरित कार्रवाई की जरूरत है।

### खाद संकट पर फूटा गुस्सा, सवर्ण आर्मी का प्रदर्शन

**गुना** । खाद वितरण केंद्र पर लाइन में लगी एक आदिवासी महिला किसान की दुखद मृत्यु के बाद, गुना जिले में खाद संकट और कालाबाजारी को लेकर गुस्सा फूट पड़ा है। शुक्रवार को सवर्ण आर्मी ने हनुमान चौराहे पर उग्र प्रदर्शन किया और खाद में व्याप्त कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन को एक कड़ा ज्ञापन सौंपा। संगठन ने आरोप लगाया कि मोहन यादव सरकार की अव्यवस्था और सरकारी लापरवाही के चलते आदिवासी बहन भूरिया बाई सहरिया की मृत्यु हुई है, जो दो दिन तक कडक़ड़ाती ठंड में खाद के इंतजार में लाइन में खड़ी रहीं और उन्हें अंत समय में एंबुलेंस तक नहीं मिली। सवर्ण आर्मी ने इस घटना को प्राकृतिक मौत नहीं, सरकारी लापरवाही से हुई हत्या करार दिया।

## आरोन में पार्श्वनाथ जैन मंदिर की नवीन वेदी का शिलान्यास हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

शुक्रवार को मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज एवं क्षुल्लक श्री निर्धूम सागर महाराज के मंगल सानिध्य में सदर बाजार स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर छोटा जैन मंदिर के ऊपरी तल पर नवीन वेदी का शिलान्यास किया गया पूर्ण धार्मिक एवं विधि विधान पूर्वक जैन समाज के सभी साधर्मी जनों 4की उपस्थिति में किया गया। इस नवीन वेदी पर आकर्षक एवं मनोहारी जिनेन्द्र भगवान की प्रतिमा को स्थापित किया जाएगा। जिनेन्द्र भगवान की इस प्रतिमा को स्थापित करने का सौभाग्य प्रीति जैन संस्कार जैन संस्कृति जैन एसएलबीसी परिवार को प्राप्त हो रहा है एवं इस वेदी के मंडप पुण्यार्जन का सौभाग्य जिनेश जैन नरेश जैन कैलाश जैन चक्रेश जैन मनीष जैन संयम जैन मयंक जैन भैया परिवार को प्राप्त हो रहा है। नवीन वेदी का पुण्यार्जक बनने का सौभाग्य नीलेश जैन पंकज जैन एवं गुणमाला जैन क्यूना जैन प्रियंका जैन को प्राप्त हुआ है। आकर्षक एवं भव्य होगा पिच्छि परिवर्तन समारोह का कार्यक्रम नगर में चातुर्मास कर रहे आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के शिष्य वात्सल्य मूर्ति बीजाक्षर प्रणेता मुनि दुर्लभ सागर महाराज की पिच्छिका का परिवर्तन समारोह 30 नवंबर रविवार को आयोजित किया जा रहा है। चातुर्मास कमेटी के प्रचार मंत्री सुनील झंडा ने जानकारी देते हुए बताया कि पिच्छिका परिवर्तन समारोह का कार्यक्रम स्थानीय वर्धमान कॉम्पलेक्स में दोपहर में 1 बजे से प्रारम्भ होगा। जैन समाज कमेटी के अध्यक्ष विजय जैन डोडिया एवं चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष मिंटूलाल जैन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुनि दुर्लभ सागर महाराज की पिच्छिका परिवर्तन समारोह का आयोजन भव्य रूप में आयोजित होगा। इस आयोजन को भव्यता देने के लिए युवा वर्ग द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही हैं। इस धार्मिक आयोजन में आसपास के जिलों के साथ साथ महाराष्ट्र राजस्थान दिल्ली उत्तर प्रदेश गुजरात आदि राज्यों के श्रद्धालु भी शामिल होंगे। इस धार्मिक आयोजन में शामिल होने वाले बाहर के श्रद्धालुओं के भोजन एवं आवास की विशेष व्यवस्था भी स्थानीय जैन समाज एवं ट्रस्ट कमेटी व चातुर्मास कमेटी द्वारा द्वारा की जा रही हैं।



## संविधान दिवस के पर भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी ने बाइक रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

संविधान दिवस के अवसर पर भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के तत्वावधान में आरोन मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें दूर-दूर से लोग एकत्रित हुए एक विशाल बाइक रैली अहिरवार धर्मशाला आरोन से प्रारंभ होकर मेंन बाजार होते हुए अंबेडकर पार्क पर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात अहिरवार धर्मशाला आरोन में विशाल जनसभा में परिवर्तित हुई । जिसमें गायक कलाकारों द्वारा भीम भजनों की परिस्थितियों दी गई गायक कलाकार वीर सिंह दिवाकर एवं कुमारी सपना बौद्ध, अंजुम बौद्ध जखोदा उपस्थित रही ।सभी को भीम आर्मी कार्यकर्ताओ द्वारा संबिधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता मर सिंह भीम आर्मी ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा की गई इस मौके पर मुकेश अहिरवार भीम आर्मी जिला सचिव संजीव बनवीर खेड़ी भीम आर्मी जिला महासचिव चंद्रभान जाटव भीम आर्मी कार्यकर्ता घनश्याम भगत धर्मशाला अध्यक्ष अशोक अहिरवार विवेकानंद अहिरवार संजीव अहिरवार माता मुंद्रा बीएसएफ छात्रसंघ जिला अध्यक्ष सुरेंद्र पुंदीलाल सतीश, राकेश राहुल नीलम सिंह शिक्षक रामचरण देलवर रिटायर शिक्षक एवं हर बार समाज के भारी संख्या में माता बहनें लोग उपस्थित रहे। संविधान दिवस के अवसर पर भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के तत्वाधान में आरोन मे कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में विदिशा सोशल वेलफेयर आर्गेनाइजेशन द्वारा आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन




विदिशा सोशल वेलफेयर आर्गेनाइजेशन द्वारा 27 नवंबर को गुना जिले में अलग-अलग स्थानों पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां कराई गई जिला प्रभारी रविंद्र रघुवंशी ने बताया कि 100 दिवसीय कैंपेन एक्टिविटी के अंतर्गत हम स्कूलों एवं धार्मिक धर्म गुरुओं के साथ बाल विवाह न करने के लिए शपथ दिला कर जागरूकता अभियान चला रहे हैं और मंदिर मस्जिदों पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के स्टीकर भी चस्पा किया जा रहे हैं इसी श्रृंखला में 27 नवंबर को जिला स्तर पर शासकीय हाई सेकेंडरी कन्या विद्यालय गुना में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

साथ ही शासकीय हाई सेकंडरी कन्या विद्यालय में शपथ दिलाकर बच्चों को 1098 की जानकारी दी साथ ही बाल विवाह के बारे में कानूनी जानकारी से अवगत कराया और विद्यालय परिसर में बच्चों ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की थीम पर सुंदर और आकर्षक मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया बाद में विजेता छात्र-छात्राओं को संस्था द्वारा पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम में प्रचार महोदय और गुना रविंद्र रघुवंशी मौजूद रहे विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन गुना द्वारा श्याम को चाचौड़ा ,गुना ,आरोन ब्लॉक में कैंडल मार्च का भी आयोजन किया गया।

# सांसद खेल महोत्सव 2025 अंतर्गत खेल गतिविधियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर





अशोकनगर संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव भव्य पैमाने पर आयोजित कराया जा रहा है। सांसद खेल महोत्सव का आयोजन केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन में जिले में खेलों के आयोजन तीन स्तरों पर निर्धारित तिथियों के अनुसार कराया जा रहा है।

जिसमें प्रथम चरण में खेल आयोजन 28 नबम्बर से लगभग समस्त ग्राम पंचायत स्तर पर प्रारंभ किए जा चुके हैं। जो कि ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं संस्था प्राचार्य के सुपरविजन में सम्पन्न कराए जा रहे हैं। इनमें से कुछ मुख्य ग्राम पंचायतों में सम्पन्न कराए गए। विकासखंड अशोकनगर अंतर्गत शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल तूमैन के सरपंच कुलविन्दर कौर एवं प्राचार्य छोटेलाल अहिरवार ने अन्य शिक्षकों के सहयोग से खो-खो एवं कबडडी की खेल प्रतियोगिता प्रारंभ कराई। इस आयोजन में ग्राम पंचायत कचनार, ककरूआ, तूमैन, शहबाजपुर ग्राम पंचायत राजपुर, शाढौरा, जलालपुर, मसीदपुर, झीला, नारायणपुर की टीमों ने सहभागिता की।

वही 29 नवम्बर को खेल आयोजन के द्वितीय दिवस गिल्ली डंडा, चपेटा, सितौलिया अष्टा चंगा के खेल संपन्न कराए गए। इसी प्रकार शाढौरा उ.मा.वि. शाढौरा में देवेन्द्र रघुवंशी द्वारा अन्य खेल शिक्षकों के सहयोग से खो-खो, कबडडी, एथलेटिक्स आदि खेल संपन्न कराए गए। जिसमें आसपास की ग्राम पंचायतों के खिलाडियों ने बढ चढ़कर सहभागिता की। विकासखंड चन्देरी के पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल प्राणपुर में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुरभि जैन एवं शाकूलाल रैकवार विधायक प्रतिनिधि ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रतियोगिता प्रारंभ कराईं। इसी प्रकार प्राणपुर, बढेरा, टोडा, चुरारी, हिरावल, मुरादपुर, चन्देरी की कबडडी टीमों ने एवं अष्टा-चंगा, चपेटा खेल में विभिन्न प्रतिभागियो ने सहभागिता की।

29 नवम्बर 2025 को दूसरे दिन रामबाग स्टेडियम में गिल्ली डंडा, एथलेटिक्स,रस्साकसी, सितौलिया,खो-खो आदि खेल आयोजन कराए गए। जिसमें खिलाडियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विकाखंड मुंगावली नगर पंचायत अंतर्गत शासकीय मॉडल हायर सेकेण्डरी विद्यालय में नरेश ग्वाल भाजपा महामंत्री के मुख्य आतिथ्य में एवं संदीपनी हायर सेकेण्डेरी स्कूल पिपरई में लाखन सिंह कटारिया सांसद प्रतिनिधि के मुख्य आतिथ्य में सांसद खेल प्रतियोगिता प्रारंभ कराई गई। इसमें विद्यालय के समस्त खेल शिक्षक उपस्थित रहे। इस खेल आयोजन में मुंगावली की विभिन्न पंचायतों तमाशा, केशोपुर, बांसखेडी, नगर पंचायत पिपरई के खिलाडियों ने खो-खो एवं कबड्डी खेलों में सहभागिता की।

आसपास इतनी गंदगी कि खड़ा होना मुश्किल, रात भर जाग कर शव की रखवाली

## 64 वर्गफीट का पोस्टमार्टम कक्ष, दो शव आ जाएं तो रखने के लिए जगह नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर




बहादुरपुर कस्बे में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है। जहां मृतकों के पोस्टमार्टम की सुविधा भी है लेकिन पोस्टमार्टम कक्ष इतने छोटे आकार का है कि यदि किसी घटना में दो लोगों की मौत हो जाए तो कक्ष में दो शव रखने की गुंजाइश नहीं है। इसका आकार कुल 64 वर्गफिट का है। जिसमें शव को रखने के लिए एक प्लेटफार्म बना हुआ है। इस प्लेटफार्म के बाद केवल दो लोगों के खड़े होने लायक जगह कक्ष के अंदर बचती है। ऐसे में यदि कभी पैनल द्वारा पोस्टमार्टम कराना पड़े तो शव को सिविल अस्पताल मुंगावली भेजना होता है।

**गंदगी के बीच बना है पोस्टमार्टम कक्ष-** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का पोस्टमार्टम कक्ष परिसर के एक कोने में गंदगी के बीच बना हुआ है। जहां नाली बहती है, झाड़ खड़े हैं और केंद्र का कचरा भी यहीं डाला जाता है। पास में ही प्रसव वार्ड का जैविक अपशिष्ट फेंक दिया जाता है, जिसके कारण वहां कुत्ते घूमते रहते हैं।

**ताला लगाकर चली जाती है पुलिस, परिजन करते हैं सुरक्षा-** दुर्घटना के बाद शव को शाम या रात के समय केंद्र पर लाया जाए तो पुलिस उस शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखवा कर कक्ष का ताला लगाकर चली जाती है। ऐसे में परिजनों को रात भर जागकर शव की सुरक्षा करनी पड़ती है।

**129 साल से पोस्टमार्टम की व्यवस्था, 29 वर्षों से नहीं कोई सुधार-** रियासतकालीन रिकॉर्ड के मुताबिक सन 1896 में कस्बे में सिविल अस्पताल बनाई गई थी। तब से ही यहां चिकित्सक, प्रसव व पोस्टमार्टम की व्यवस्था है। पहले अस्पताल का भवन रियासतकालीन था। 1977 में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में अस्पताल का नया भवन बना। जिसका सबसे नया पोस्टमार्टम रूम भी सन 1996 में बनाया गया था। इसका क्षेत्रफल महज 64 वर्गफीट है। आसपास कचरे के ढेर व नालियों का पानी भरा रहता है। कई बार स्थानीय नागरिकों ने मर्चुरी भवन की मांग की लेकिन इसे अब तक मंजूरी नहीं मिली।

### इनका कहना है

मेरे पास जब 2020 में खंड चिकित्सा अधिकारी का प्रभार आया था, तब मैंने बहादुरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर पोस्टमार्टम के लिए एक बड़े भवन का प्रस्ताव भेजा था। जो स्वीकृत नहीं हुआ। अब दोबारा से प्रस्ताव भेजते हैं, उसे प्राथमिकता से स्वीकृत कराएंगे।

**डॉ दिनेश त्रिपाठी,** खंड चिकित्सा अधिकारी,

## जिला होगा गीता महोत्सव का साक्षी, कल गूंजेगा गीता पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

1 दिसंबर को गूंजेगा गीता पाठ, मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी वह दिव्य तिथि है जब भगवान श्री कृष्ण ने कुरुक्षेत्र के रणक्षेत्र में अर्जुन के समक्ष 700 श्लोकों में सम्पूर्ण जीवन दर्शन की समाहित किया था। श्रीमद्भगवत गीता के अवतरण पर्व के अवसर पर मध्यप्रदेश संस्कृति संचालनालय एवं विश्वगीता प्रतिष्ठानम् उज्जैनी के संयुक्त तत्वाधान में मार्गशीर्ष शुक्ल मोक्षदा एकादशी संवत 2082, दिनाँक 1 दिसंबर 2025 सुबह 11 बजे से जिला अशोकनगर आध्यात्मिक ऊर्जा से झिलमिला उठेगा।

गीता जयंती महोत्सव को भव्यता पूर्वक मनाने हेतु जिला प्रशासन एवं विश्वगीता प्रतिष्ठानम् द्वारा तैयारियों की जा रही हैं। इस आयोजन में जिला स्तर पर 1100 विद्यार्थियों एवं गीता प्रेमियों तहसील स्तर पर 500-500 विद्यार्थियों एवं गीता प्रेमियों द्वारा गीता स्वाध्याय एवं श्रीमद् भगवदगीता के 15वें अध्याय (पुरुषोत्तम योग) का सामूहिक पाठ किया जावेगा। इस हेतु जिला स्तर पर स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर, तहसील स्तर पर मुंगावली चंदेरी, बहादुरपुर, शाकोरा, नईसराय, ईसागढ़ में शासकीय कन्या/बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा पिपरई के सान्दीपनि सीएम राइस विद्यालय में सामूहिक पाठ का आयोजन किया जावेगा। इस हेतु जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्यो को कार्यक्रम के भव्य आयोजन हेतु वायित्व सौंपे गए हैं।

साथ ही शासकीय महाविद्यालय पिपरई व जिला जेल अशोकनगर में भी सामूहिक स्वाध्याय का आयोजन किया जावेगा। विश्वगीता प्रतिष्ठानम् ने गीता के 15वें अध्याय के पाठ का अभ्यास कराने हेतु सभी विद्यालयों में अपने प्रतिनिधि भेजे हैं।




### सांसद खेल प्रतियोगिता 2025 संपन्न

अशोकनगर। 28 सितंबर से 30 नवंबर के बीच आयोजित सांसद खेल महोत्सव प्रतियोगिता पीएमश्री हायर सेकेंडरी स्कूल में पूर्व जनपद अध्यक्ष अनूप सिंह रघुवंशी के मुख्य आतिथ्य एवं सांसद प्रतिनिधि हरिसिंह रघुवंशी की अध्यक्षता में प्रारंभ की गई। प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में वॉलीबॉल के खिलाड़ियों ने अतिथियों को अपना परिचय दिया। वॉलीबॉल सीनियर वर्ग में नईसरायं टीम विजेता रही। कबड्डी सीनियर वर्ग में ज्ञानपुर गुरैया विजेता रही। कबड्डी एवं खो-खो,रस्साकसी जूनियर महिला एवं पुरुष वर्ग में नईसराय टीम विजेता रहीं। इसके अलावा गोला फेंक, गिल्ली डंडा, चपेटा, अष्टा-चंगा जैसे आदि खेल भी सम्पन्न हुए।

# चंदेरी हैंडलूम पार्क में वायर सैलर व वीवर्स मीट हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



चन्देरी डब्लपमेन्ट सोसायटी फॉर हैण्डलूम वीवर्स चन्देरी में कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को चन्देरी हैण्डलूम पार्क के सभाकक्ष में वायर सैलर एवं वीवर्स मीट का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि चन्देरी साडी एवं ड्रेस मटेरियल, हैण्डलूम को अंतराष्ट्रीय पहचान एवं जी.आई. टैग के उपयोग हेतु तथा लोकल फॉर वोकल स्वदेशी को बढ़ावा देने हेतु स्थानीय समूहो को विश्व पटल पर अपने बनाये हुए चन्देरी साडी एवं ड्रेस मटेरियल को मार्केट दिलाना एवं सीधे बुनकरो को लाभ दिलाये जाने के साथ बीच की मध्यस्ता समाप्त करने के लिये चन्देरी में वायर सैलर मीट का आयोजन किया गया। बैठक में जीआई टेग विशेषज्ञ पदश्री डॉ.रजनीकांत ने बताया कि वायर्स एवं वीवर्स बुनकर स्व सहायता समूह की समीक्षा के दौरान बताया कि केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा निर्देश दिए गए थे कि निरीक्षण कमेटी का गठन किया जाए। चंदेरी साड़ी एक नाम है,इसे ब्रांड बनाना है। जीआई टेग के लिए कम से कम तीन हजार बुनकरों द्वारा फॉर्म भरना होगा। चार माह की प्रोसेस में जीआई टेग करा सकते है। जितने लोग फॉर्म भरेगें, उनकों जीआई टेग आयोग द्वारा दिया जायेगा। जीआई टेग मिलने के बाद पूरी दुनिया में अपना सामान चंदेरी वस्त्र का विक्रय कर सकते है।

स्वसहायता समूह की संख्या 20 से अधिक होने पर समूह पंजीयन करा सकता है। जीआई टेग के फॉर्म भरने के लिए मात्र 10 रूपये फीस निर्धारित है। इसके लिए बुनकर को केवल आधार कार्ड की छायाप्रति,अपना फोटो के साथ फॉर्म भरना होगा। इसके बाद बुनकर को एक कार्ड प्राप्त होगा। प्रधानमंत्री द्वारा हेण्डलूम को लोकल फॉर वोकल तथा स्वदेशी वस्तुएं निर्मित किये जाने पर जोर दिया गया है। जीआई टेग आपको ब्रांड की गारंटी देगा और पहचान दिलायेगा। इसके लिए आपका बार कोड तैयार होगा। इस अवसर पर अनीसा श्रीवास्तव आई.ए.एस. (ई.डी.एम. पी.आई.डी.सी.) ने बताया कि चंदेरी साड़ी की वास्तविकता और कारीगरी जो की जा रही,उसके लिए अलग पहचान बनाने की आवश्यकता है। चंदेरी साड़ी की ब्रांड को बनाये रखने के लिए जो सामग्री उपयोग की जाती है,वह गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए। बुनकर को जीआई टेग मिले,इसके लिए रिसर्च एण्ड डेव्हलपमेंट से कम समय में जल्दी चीजों के बना ले ऐसे प्रयास किये जाएं।

### मास्टर वीवर्स और वायर्स का हुआ सीधा संवाद

भारत सरकार के दूरसंचार एवं पूर्वी उत्तर विकास मंत्री क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के अथक प्रयासों से चंदेरी के बुनकरों को सीधा कंपनियों से जोड़ने का प्रयास तथा उनकी आय में वृद्धि करने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों को इस आयोजन में शामिल होने के लिए भरसक प्रयास किए गए हैं सिंधिया का सीधा विजन है कि हमारे बुनकरों को सीधे बाजार की लिंक से जोड़ा जाए इसलिए बिचैलियों को खत्म करके कंपनियों के फाउंडर एवं सीईओ और बुनकरों का सीधा संवाद कराना एक ही लक्ष्य है कि अब हमारे बुनकरों आय मे सीधे और अधिक वृद्धि हो आने वाले समय मे बुनकरों की आय में वृद्धि होना तय है। बैठक में नाईस जींस द्वारा बताया गया कि पिछले 15 वर्षो से हमारा चंदेरी के वीवर्स से जुडाव है। हम चंदेरी से जुडकर यह के वीवर्स टॉप,पार्टी वियर्स के 05 हजार ऑडर्स देने वाले है। इससे यहां के बुनकरों को अधिक से अधिक रोजगार मिलेगा।बैठक में फेब इंडिया द्वारा चंदेरी के वीवर्स को हर संभव मदद करने के लिए आस्वश्त किया गया। इस मीट में बायर्स द्वारा अपनी वार्षिक आवश्यकताओं से सेलर्स को अवगत कराया।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर से फसल को नुकसान पहुंचाया

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम सेमरा निवासी रामकृष्ण दास बैरागी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अभिराम यादव निवासी गता ने फरियादी के रांकड़ वाले खेत सेमरा मौजे में जमीन पर जबरन कब्जा किया और खेत में खडी तेवड़ा व सरसों की फसल पर ट्रेक्टर से जोतकर नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गता निवासी संजीव जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ब्रदीप्रसाद, जगदीश और अमित अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मारौन निवासी रंजीत रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कल्लू कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### खंभे पर काम करते करंट लगने से मौत

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अतंर्गत ग्राम बरखाना निवासी श्रीपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पवन पुत्र तोताराम यादव उम्र 27 साल निवासी ग्राम पृथ्वीपुर मजरापटटी थाना सिरौली जिला बरैली उत्तरप्रदेश परासरी पिपरई रोड पर राजभान यादव के खेत के पास लगे खंभे पर लाइट का काम कर रहा था। तभी बिजली के खंभे पर लाईन कस्ते समय अचानक करंट लग जाने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, जांच की जा रही है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए है। जिले के कचनार थाने की पुलिस ने माताममढ़ मोहल्ला वार्ड क्र 14 अशोकनगर निवासी राहुल यादव को माधौगढ़ तिराहा विदिशा रोड पर हाथ भटटी की कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार ईसागढ़ पुलिस ने बानोरा निवासी सग्राम सिंह यादव के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की सेहराई पुलिस ने अचलगढ़ निवासी कल्लू अहिरवार के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### खेत में काम करते समय युवक का लगा करंट

**अशोकनगर।** सिट कोतवाली के अंतर्गत स्थानीय छैलाबाग निवासी रंजीत लोधी पुत्र दीवान सिंह उम्र 39 वर्ष को करंट लगने के बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां युवक का उपचार किया जा रहा है। परिवारजनों ने बताया कि वह खेत में काम कर रहा था तभी उसे करंट लग गया। करंट की सूचना मिलने पर तुरंत युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में युवक का उपचार जारी है।

### जिले को एनएफएल यूरिया की रैक प्राप्त हुई

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार जिले के कृषकों की मांग अनुसार रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता सतत की जा रही है। जिले को एन.एफ.एल. कंपनी की यूरिया की रैंक प्राप्त हुई है। रैक से 2213 मे.टन यूरिया प्राप्त हुआ है। उबललॉक केन्द्र अशोकनगर को 250 मे.टन, डबललॉक केन्द्र मुंगावली को 200 मे.टन, डबललॉक केन्द्र पिपरई को 200 मे.टन, डबललॉक केन्द्र ईसागढ़ 100 मे.टन, डबललॉक केन्द्र नईसरायं 100 मे.टन, डबललॉक केन्द्र चन्देरी 100 मे.टन, एम.पी. एग्रो अशोकनगर 93 मे.टन यूरिया प्रदाय किया गया है।

### भगवान के माता-पिता की गोद भराई की

**अशोकनगर।** महिला जैन मिलन अशोकनगर द्वारा पंचकल्याणक में बनने वाले भगवान की माता-पिता की गोद भराई कार्यक्रम जैन भवन में शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। जिसमें महिला जैन मिलन की बहनों ने बहुत ही धूमधाम से प्रोग्राम किया प्रोग्राम के बाद महिलाओं ने सुंदर-सुंदर गेम खेलें।

---

परिवार गुना से टीकमगढ़ शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था

# ईसागढ़-चंदेरी मार्ग पर कार पेड़ से टकराई पति की मौत, पत्नी समेत 2 बेटे घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर








शनिवार की सुबह एक कार हादसे का शिकार हो गई। यह घटना सुबह तब हुई, जब गुना निवासी राजेश जैन पुत्र वीरेन्द्र कुमार जैन उम्र 48 वर्ष अपनी पत्नी और बच्चों के साथ टीकमगढ में अपनी ससुराल में शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे तभी ईसागढ़ चन्देरी मार्ग पर ग्राम माहौली के समीप कार एक पेड़ से टकरा गई। इस घटना में कार चला रहे राजेश जैन की मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे के बाद परिवारजनों को वाहन से बाहर निकाला गया। इस घटना में वाहन चला रहे राजेश जैन जो रूपश्री परिवार गुना के निवासी हैं और पुरानी गल्ला मण्डी के पास निवास करते हैं उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में उनकी पत्नी मीनू जैन उम्र 44 साल के सिर में चोटे आईं हैं तथा उनके दो पुत्र शोमिल जैन उम्र 19 साल और शोर्य जैन उम्र 16 को जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही गुना से परिवार जन अशोकनगर पहुंचे। मीनू जैन को डाक्टरों द्वारा गंभीर रूप से घायल होने के कारण उपचार के लिए भोपाल रैफर किया गया है।

इस घटना में घायल दोनों पुत्रों का उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा था, बाद में उन्हें उपचार के लिए परिवारजन अपने साथ गुना ले गए। इस घटना में मृतक राजेश जैन का पोस्टमार्टम अशोकनगर जिला अस्पताल में किया गया। इस घटना से अशोकनगर और गुना में शौक छा गया। मृतक राजेश जैन गुना के प्रतिष्ठित परिवार से संबंध रखते थे। जिसके बाद राजेश जैन का अंतिंम संस्कार गुना में किया गया।

**जिले में 4 अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं के मामले सामने आए-** जिले में सड़कों पर यातायात का दबाव बढ रहा है वाहन बड़े हैं सड़के अच्छी हुई हैं जिसके कारण वाहन तेज गति से चल रहे हैं। जिसका परिणाम सड़क दुर्घटनाओं के रूप में सामने आ रहा है। ऐसे ही 4 सड़क दुर्घटनाओं के मामे सामने आए हैं।

**कार की टक्कर से युवक घायल-** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी दिनेश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कार क्रमांक एमपी04 जेड2037 कार के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरियादी के लड़के रविकांत शर्मा को टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

**कार की टक्कर से ग्रामीण घायल-** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम गदूली निवासी साविर मोहम्मद उम्र 50 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रामनगर रोड चंदेरी पर अज्ञात कार के चालक अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी। कार का नबंर एमपी07 सीएच6847 है।

**ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी युवक घायल-** इसी प्रकार देहात थाने के अंतर्गत ग्राम टोरिया थाना इंदार जिला शिवपुरी निवासी सोनू यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ट्रक क्रमांक आरजे 11जीसी 1548 के चालक ने सेन तिराहे के पास विदिशा वायपास रोड पर अपने ट्रक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक को टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आई हैं।

**ट्रैक्टर की टक्कर से महिला घायल-** इसी प्रकार नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम गढला गिर्द जिला गुना निवासी भैया साहब आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ट्रेक्टर चालक निवासी कालाबाग ने डुंगासरा रोड पर ट्रेक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरियादी की पत्नी सखी बाई आदिवासी को टक्कर मार दी। घटना के बाद पहले महिला उपचार के लिए गई उसके बाद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

---

# नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के प्रकरण में जमानत पर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

थाना नईसराय द्वारा मुस्कान अभियान अंतर्गत नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले में जमानत पर रिहा आरोपी द्वारा पुनः अपराध किए जाने पर पूर्व प्रकरण की भी जमानत निरस्त कराकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल दाखिल किया गया।


उल्लेखनीय है कि थाना नईसराय में 02.06.2024 को दर्ज अपराध में आरोपी सुनील प्रजापति पिता सुखलाल प्रजापति उम्र 22 वर्ष निवासी म्याना जिला गुना को न्यायालय द्वारा दिनांक 23.08.2024 को सशर्त जमानत पर रिहा किया गया था। जमानत अवधि में आरोपी द्वारा जमानत की शर्तों का उल्लंघन कर 24 नबंवर को पुनः अपराध किए जाने पर थाना नईसराय में अपराध क्रमांक 206/2025 धारा 115(2), 296(ए), 351(2), 3(5) बीएनएस एवं एससी/एसटी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

मामले की गंभीरता व संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा आरोपी की जमानत निरस्तीकरण हेतु त्वरित कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी नईसराय उनि. पुनीत दीक्षित द्वारा 25 नबंवर को न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया।

न्यायालय द्वारा 25 नवंबर 2025 को जमानत निरस्त करते हुए आरोपी के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। गिरफ्तारी वारंट के पालन में थाना नईसराय पुलिस 28 नवंबर 2025 को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया।

---

# एसआईआर के कार्य में जिला प्रथम आने पर 275 बीएलओ, 28 सुपरवाइजर का सम्मान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में जिला अशोकनगर प्रदेश और देश में प्रथम आने पर शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र अशोकनगर के 275 बी.एल.ओ. तथा 28 बी.एल.ओ. सुपरवाईजर को पुष्पाहार पहनाकर एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर आदित्य सिंह ने कहा कि एस.आई. आर. कार्य में बेहतर प्रदर्शन कर इस जिले का नाम रोशन करने वाले सभी बी.एल.ओ. प्रशंसा के पात्र हैं। उनकी मेहनत एवं लगन का नतीजा है कि जिला अशोकनगर पूरे मध्यप्रदेश में नंबर एक पर रहकर शत प्रतिशत कार्य समय से पूर्व पूर्ण किया। आपका यह कार्य जीवन भर सभी को यादगार रहेगा। निर्वाचक आयोग द्वारा भी प्रशंसा की गई है। उन्होंने सभी बी.एल.ओ. तथा बी.एल.ओ. सुपरवाईजर को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दीं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीएनसिंह, एसडीएम अशोकनगर शुभ्रता त्रिपाठी, तहसीलदार भारतेन्दु यादव, इलेक्शन सुपरवाईजर रज्जाक खान, उपस्थित थे।

---

# पूर्व सरपंच के यहां चोरों का धावा परिवार की सक्रियता से टली घटना




**अशोकनगर।** नईसराय कस्बे के निचला बाजार स्थित हवेली में रहने वाले पूर्व सरपंच नफीस उद्दीन के घर शुक्रवार शनिवार की रात दो से तीन बजे के बीच चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों की संख्या दो से अधिक बताई जा रही है।

चोर हाथों में लोहे की रॉड लिए थे। चोरी की भनक जैसे ही परिवार के सदस्यों को लगी तो उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। साथ ही पुलिस को भी सूचना दी। सूचना मिलने के पांच मिनट बाद ही पुलिस के दो वाहन मौके पर पहुंचे। जिससे चोर भाग गए। हालांकि, इस दौरान उन्होंने अलमारी में रखी लगभग तीस हजार के जेवर और नकदी चोरी कर ली। नईसराय के पूर्व सरपंच नफीस उद्दीन कस्बे के निचला बाजार स्थित अपने पैतृक घर में निवास करते हैं। पूर्व सरपंच ने बताया कि, आम दिनों की तरह उनका परिवार शुक्रवार रात 10 बजे खाना खाकर सो गया। रात दो से तीन बजे आहट पाकर उनकी नीद खुली तो पास वाले कमरे का ताला कटा पड़ा मिला साथ ही दो लोग कमरे की अलमारी खंगालते नजर आए। इसके बाद उन्होंने पुलिस को फोन किया और शोर मचा दिया। शोर सुनकर अन्य परिजन जाग गए। जिससे चोर भाग गए। कुछ ही देर में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और तलाशी में जुट गई। जहां ताला काटने का औजार मिला। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। पूर्व सरपंच नफीस उद्दीन ने बताया कि, चोर कोई बड़ी घटना कर सकते थे। लेकिन थोड़ी सी सक्रियता से बड़ी घटना टल गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

---

# सिंधिया के काफिले के पीछे चल रही अधिकारी की जीप टकराई, अधिकारियों को आंशिक चोटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



शहर के गुना रोड स्थित जीके मैरिज गार्डन के पास सिंधिया के काफिले के पीछे चल रही 3 जीप एक-दूसरे से टकरा गईं। आगे चल रही फॉरच्यूनर में अशोकनगर एसडीओपी की गाड़ी टकरा गई, उसके पीछे आ रही अशोकनगर तहसीलदार भारतेंदु यादव की गाड़ी भिड़ गई।

हालांकि सिंधिया का काफिला आगे बढ़ता चला गया। इस घटना में एसडीओपी विवेक शर्मा सहित अन्य लोगों को मामूली चोटें लगीं हैं। जिनको इलाज के लिए जिला अस्पताल में किया गया। घटना के बाद वाहनों को सड़क से हटाया गया। वाहन आगे और पीछे से छतिग्रस्त हुए हैं। यह घटना शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे की है। कुछ लोग सिंधिया के स्वागत के लिए खड़े थे तभी अचानक ब्रेक लगाने के कारण यह घटना हुई। दरअसल केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया चंदेरी से टेंट सिटी का शुभारंभ के बाद गुना के लिए लौट रहे थे, इसी दौरान उनकी गाड़ियां कारकेट में चल रहीं थीं। शनिवार की दोपहर पूरे दिन एसडीओपी आफिस में हमेशा की तरह काम करते हुए मिले।

---

# बोरी बंधान तैयार, समिति से पानी पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की अशोकनगर की नवांकुर संस्था अक्षर पीठ शिक्षा समिति एवं ग्राम विकास प्रस्तुत समिति जुगया के संयुक्त प्रयास से ग्राम जुगया में 15 नवंबर से 30 दिसंबर तक चलने वाले जल संचय अभियान के अंतर्गत ग्राम में बोरी बंधान तैयार किया गया।

इस पहल का उद्देश्य बहते जल को रोक कर किसानों और ग्रामीण और पशुधन के लिए जल उपलब्धता सुनिश्चित करना है मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चौहान ने कहा कि बोरी बंधान जल संरक्षण का सबसे सरल और प्रभावी तरीका है। इससे सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा और जल स्तर में सकारात्मक सुधार होगा। ब्लॉक समन्वयक मनोज यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की गांव का विकास जल संरक्षण से ही संभव है। यह बंधान आने वाले समय में पूरे गांव के लिए बड़ा सहायक सिद्ध होगा।

ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जुगया की बैठक भी संपन्न हुई प्रस्फुटन समिति ग्राम जुगया में बैठक के दौरान जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चौहान ने ग्राम विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। मुख्य बिंदु ग्राम में स्वच्छता अभियान को और अधिक प्रभावी बनने पर चर्चा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान किसानों को जैविक कृषि अपने हेतु प्रोत्साहित किया गया। शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने तथा समिति सदस्यों को ग्राम में सक्रिय भूमिका निभाने की सलाह दी गई।

बैठक में ब्लॉक समन्वयक मनोज यादव नवांकुर संस्था अक्षर पीठ से सिद्धांत नायक मैटर्स अरुण जैन प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र नरेंद्र बंजारा हटे सिंह बंजारा श्याम बंजारा संजीव जितेंद्र हरिओम नायक रामकृष्ण सिंह सेन, शिवलाल बंजारा, धर्मेंद्र नायक, आनंदपुर भगवत सिंह बंजारा एवं समिति के सभी सदस्य व छात्र आयुष सोपरा सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

---

सुधासागर महाराज ने थूवोन जी में धर्मसभा को संबोधित किया

# जो जेष्ठ श्रेष्ठ है उनके लिए विशेषण लगाना सीखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





निर्यापकाचार्य मुनि पुंगव श्री सुधासागर महाराज ने थूवोन जी में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी दृष्टि में क्या है जो आपकी दृष्टि में जेष्ठ श्रेष्ठ है उनके लिए विशेषण लगाना सीखें यही तो कला है। हम उस स्थान विशेष से भी विशेषण लगाकर एनर्जी प्राप्त कर सकते हैं हमें विशेषण कहा लगाना है सीखकर उससे जो कुछ भी लेना चाहते हैं वहां से आप ले। आपके लिए एनर्जी मिलना प्रारंभ हो जायेगी जो सर्वेनाश करने की क्षमता रखता हैं उसकी पूजा होने लगती है तो वह भी नकारात्मक से सकारात्मक हो जाता है।

उन्होंने कहा कि यह प्रकृति की विशेषता है जब किसी के साथ विशेषण लग जाता है तो वह पावर फुल हो जाता है जैसे सीता राम राम के साथ सिया को जोड़ दिया तो आपको शक्ति सम्पन्न राम की कृपा मिलेगी। एक विशेषण लगा दिया वहीं मांगलिक हो जाती है जिनेन्द्र के साथ जय लगाकर जय जिनेन्द्र करते ही आपको उससे विशेष उपलब्धि होगी।

**यहां हर स्त्री को माता बहन बोला जाता है** उन्होंने कहा कि जब किसी के साथ विशेषण लग जाता है तो वह विशेषता को प्राप्त हो जाता है। हमारे देश को भारत माता कहा जाता है इसलिए भारत महान है यहां हर नारी में मां दिखती है वह भारतीय संस्कृति है और जो मां में भी नारी देखता है, वह पश्चात्य संस्कृति है। यही विशेषता भारतीय संस्कृति को दुनिया से अलग बनाकर विशेष स्थान दिलाती है। स्त्री को मां कहने में कोई बुराई नहीं लेकिन मां को स्त्री कह दिया तो बहुत ग़लत हो जायेगा।

इस अवसर तीर्थ क्षेत्र कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि आज हमारे बीच मानव सेवा में समर्पित पीड़ति मानवता की सेवा में काम करने वाले सभी साथी चुनकर आए हैं जिनमें चेयरमैन डॉ जयमंडल यादव, वाइस चेयरमैन राजीव जाट, पूर्व चेयरमैन डॉ दीपक मिश्रा, मनीष वरखेडा, संजय रघुवंशी सहित सभी का दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी के ओर से हार्दिक अभिनन्दन करता हूं। इस दौरान दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र रोकड़िया संजीव श्रागर धर्मेन्द्र रोकड़िया संजीव जैन महामंत्री मनोज भैसरवास कोषाध्यक्ष प्रमोद मंगल दीप मंत्री शैलेन्द्र दददा राजेन्द्र हलवाई प्रदीप रानी जैन प्रचार मंत्री विजय धुर्रा जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद सहित अन्य प्रमुख जनों ने सभी का पीत वस्त्र पगड़ी मालाओं से स्वागत किया।

**सेवा करने का मौका मिला है तो हम अपनी पूरी शक्ति लगाएंगे-डॉ. जय मंडल** इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी के नव निर्वाचित चेयरमैन डॉ जयमंडल यादव ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव सेवा का संकल्प लेकर हम सब आपके चरणों में आयें थे और आपके आशीर्वाद से सभी को सेवा का मौका जनता ने भारी बहुमत से दिया। रेड क्रॉस सोसायटी का मुख्य कार्य आपत काल में चिकित्सा सेवा के साथ के साथ ही पिड़ति मानवता की सेवा करना है।

---

# स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क सुरक्षा पर जागरुक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



शनिवार को बाल कल्याण समिति के सदस्य भूपेंद्र सिंह रघुवंशी द्वारा ओम मार्गदर्शी समिति के सहयोग से ईसागढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढाकोनी, आकलोन एवं दयालपुर में आदिवासी समुदाय के बच्चों एवं उनके परिजनों के बीच एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को स्वच्छता, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विशेष रूप से हाथ धुलाई कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने की आवश्यकता, बीमारियों से बचाव तथा स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने के उपाय बताए गए। इसके पश्चात ईसागढ़ में पुलिस बाल कल्याण अधिकारी एवं अन्य स्टाफ के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया गया, जिसमें अभिभावकों को नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने हेतु वाहन उपलब्ध न कराने की कड़ी समझाइश दी गई। अभिभावकों को बताया गया कि नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन उनके जीवन के लिए जोखिमपूर्ण होने के साथ-साथ कानूनी रूप से दंडनीय भी है। इस समग्र कार्यक्रम में आशीष शर्मा, संरक्षण अधिकारी (महिला एवं बाल विकास विभाग) तथा ॐ मार्गदर्शी समिति के सदस्य उपस्थित रहे और बच्चों एवं अभिभावकों को जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया।

### कार्रवाई में सागौन की 36 सिल्लियों सहित 6 लाख 72 हजार का मशरूका जब्त

# बिना लाइसेंस अवैध सागौन का चल रहा कारोबार! एक गिरफ्तार






हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-सुठालिया

सागौन के अवैध कारोबार की बात हो तो जिले में सुठालिया के नाम लिए बिना पूरी नहीं हो सकती। इसके लिए पूर्व में सागौन को लेकर नगर में हुई कई कार्रवाईयों से लेकर आज की पुलिस द्वारा कार्रवाई से समझा जा सकता है। पिकअप में भरकर गद्दों से ढककर लाई जा रही अवैध सागौन के परिवहन होने की सूचना सुठालिया पुलिस को मिली और आरोपी पवन पिता गोविन्द अग्रवाल अवैध रूप से सागौन की लकड़ियां चोरी करके काटकर अवैध परिवहन करते पाया गया। आरोपी पर धारा 303(2) बीएनएस 26/52 भारतीय वन अधिनियम व धारा 5/16 म प्र वन उपज अधिनियम 1969 का पाया जाने से आरोपी से मौके पर समक्ष पंचानामा चदन पिता परमाल भिलाला निवासी नालाझिरी एव वन रक्षक राजेन्द्र सिंह खींची सुठालिया के समक्ष उक्त लकडी 36 सागौन की सिल्लिया कीमती लगभग 72 हजार एव पीकप वाहन कीमत 6 लाख रूपये को विधिवत जप्त किया गया एवं आरोपी पवन को पूछताछ हेतु अभिरक्षा में लिया गया। इसमें सुठालिया थाने के उनि अनिल राहौरिया थाना प्रभारी सुठालिया, प्र आर आशीष दुबे, प्र आर 258 महेश कुमार भील, सोनू अहिरवार मय शासकीय वाहन चालक प्र बार 162 विनोद शामिल रहे।

**सागौन के बड़े व्यापारी बच जाते हैं, छोटों पर होती है कार्रवाई**

सुठालिया में करोडों रुपए की सागौन बेचने बाले व्यापारियों से लेकर छोटे कारोबारी है परंतु अधिकतर देखने में आया है कि छोटा काम करने वाले व्यापारी पकड़े जाते हैं जबकि बड़ा व्यापार करने वालों के साथ प्रशासन की सांठगांठ के चलते बच जाते हैं।

**मार्च 2025 से सुठालिया व्यापारियों के सागौन लाइसेंस का नहीं हुआ नवीनीकरण**

वन विभाग के डिप्टी रेंजर अर्जुन शर्मा बताते हैं कि अभी सुठालिया के लकड़ी व फर्नीचर व्यापारियों का सागौन लाइसेंस का वन विभाग द्वारा नवीनीकरण नहीं किया गया है। जिससे अभी सागौन के परिवहन व खरीदी की तो बात ही नहीं उठती।

**वनविभाग व थाने के सामने से ही निकलती है अवैध सागौन**

शनिवार को हुई पुलिस कार्रवाई के चलते यह संभव हो पाया। जबकि अधिकतर समय वन विभाग व थाने के सामने से ही यह अवैध कारोबार चलते रहने की सूचना है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शादी के लिए फर्निचर भी आए दिन सुठालिया से निकाला जा रहा है परंतु विभाग को इसका पता भी नहीं चल पाता है।

### किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# विद्युत विभाग की लापरवाही से चार दिनों में दो युवकों की मौत



**नरसिंहगढ़।** ब्लॉक किसान कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर ग्राम कुराडियाखेड़ी और सांका जागीर में बिजली करंट लगने से हुई दो युवक की मौत के मामले में कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम कुराडियायाखेड़ी मुकेश पिता दौलतराम गुर्जर उम्र 22 की शुक्रवार को खेतों में झूल रहे तारों की चपेट में आने से करंट से मृत्यु हो गई। वहीं बीती 24 तारीख को ग्राम सांका जागीर में बंटी पिता गणपतलाल उम्र 22 की भी इसी तरह करंट लगने से मौत हुई है। लेकिन सूचना देने के बाद भी बिजली विभाग ने सहायता तो दूर मौके पर पहुँचकर मामले को देखना भी मुनासिब नही समझा। जिससे मृतक के परिजनों सहित ग्रामीणों में विभाग के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। किसान कांग्रेस ने आरोप लगाया कि घटना से पहले ही ग्रामीणों और परिवारजनों द्वारा कई बार विद्युत विभाग अधिकारियों को खराब बिजली व्यवस्था की सूचना दी गई थी, लेकिन विभाग के कर्मचारियों ने लापरवाही बरतते हुए सुधार के लिए कोई काम नही करवाया। इसी अव्यवस्था की वजह से ही युवकों की जान चली गई। ज्ञापन में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने मृतक के परिजनों को आर्थिक मुआवजा और दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन सौंपते दौरान अध्यक्ष नरेंद्र रूवाला, गोविंद सिंह गुर्जर, मंजुलता शिवहरे, ज्ञान सिंह मीणा सहित अन्य मौजूद थे।

**क्षेत्र में आए दिन सामने आ रहे मामले**

देखने में आया कि क्षेत्र के कई ग्रामीण इलाकों में इसी तरह अव्यवस्थाओं के मामले सामने आ रहे हैं। जिसके कारण पहले भी कई लोग काल कलवित हो चुके हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों ने कहा कि घटना के बाद भी क्षेत्र में तारों और बिजली व्यवस्था की सुध नहीं ली गई है, जिस वजह से आए दिन हादसे की आशंका बनी रहती है। इधर संगठन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान न हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

### घटिया निर्माण कार्य व चौक चौराहे को लेकर दिया ज्ञापन

# सड़क निर्माण को लेकर मोहल्लेवासी सड़क पर



**सारंगपुर।** कलेक्टर द्वारा अवैध कालोनियों के नामांतरण के साथ अवैध कॉलोनी में सड़क निर्माण आदि के कार्यों पर रोक लगा रखी है। इसके बाद भी सारंगपुर के सुदर्शन नगर कहलाने वाले मोहल्ले में अलग अलग जमीन मालिकों ने अवैध तरीके से आवास हेतु प्लाट बिक्री की है, लेकिन प्लाट मालिकों को किसी भी प्रकार की मूलभूत सुविधा प्रदान नहीं की। दस से अधिक वर्षों से लोग मकान बनाकर निवासरत हैं। निवारत परिवारों द्वारा स्थानीय निकाय एवं पार्षद पर मूलभूत सुविधा के लिए लगातार दबाव बनाया, इसी के चलते उक्त कॉलोनी में नगर पालिका द्वारा सड़क निर्माण प्रारंभ किया लेकिन मोहल्लेवासियों के साथ जो धोखा कालोनी काटने वालों ने किया वही धोखा सड़क निर्माण ठेकेदार द्वारा किया जा रह रहा है।

गुणवत्ताविहीन सड़क निर्माण कर इतिश्री करने की मंशा से घटिया मटेरियल का उपयोग कर सड़क निर्माण कार्य किया गया। अनंता मोहल्लेवासियों का सब्र का बांध टूटा और घटिया सड़क एवं चौक चौराहे को लेकर निर्माणाधीन सड़क पर आ गए और नारेबाजी करते हुए एसडीएम रोहित बम्होरे सारंगपुर को ज्ञापन देते हुए गुणवत्ता पूर्वक सड़क निर्माण कराने के साथ ही घटिया कार्य के जांच की मांग की। साथ ही विगत वर्षों से चले आ रहे चौराहे को यथावत रखने तथा पूरे चौराहे पर सीसी निर्माण की मांग की और ज्ञापन में कह की चौराहे को अगर छोड़ा गया तो अंधा मोड़ कई लोगों की जानलेवा साबित हो सकता है। मौके पर संवाददाता ने सड़क निर्माण सामग्री का अवलोकन किया तो प्रथम दृष्टिया गुणवत्ता विहीन सामग्री पाई गई। इस संबंध में नगर पालिका इंजीनियर से चर्चा की तो उनका कहना था कि वार्ड वासियों द्वारा किसी भी प्रकार कोई शिकायत नहीं की गई। शिकायत आती है तो समाधान किया जाएगा।

## बीमा सलाहकार महेश त्रिवेदी हुए सम्मानित



**नरसिंहगढ़।** वरिष्ठ बीमा सलाहकार महेश त्रिवेदी को अपने काम में बेहतर प्रदर्शन के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम की ओर से मंगलवार को ब्यावरा में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्हें भोपाल मंडल के विक्रय प्रबंधक रविंद्र पटेल ने प्रशस्ति पत्र के साथ उपहार दिए। आयोजन में ब्यावरा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक पवन अहिरवार, विकास अधिकारी संजीव गर्ग, वरिष्ठ अधिकारी मनोज रावत आदि मौजूद थे।

### 10 लाख 75 हजार 643 मतदाताओं के गणना-पत्रकों का डिजिटिलाईजेशन पूर्ण

# एसआईआर : जिले में 91 फीसदी कार्य पूर्ण, खिलचीपुर विस अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पूर्णता की एक माह की अवधि के अंतिम पखवाड़े में काम तेजी से हुआ है। गत 04 नवंबर से शुरू हुआ एसआईआर का कार्य जहां शुरूआत में कछुआ गति से रेंग रहा था वहीं अंतिम चरणों में काम ने दुरुत गति पकड़ी ली है।

निर्वाचन से जुड़े उच्चाधिकारियों की सतत मॉनिटरिंग एवं बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) एवं उनके सहायक के रूप में कार्य कर रहे सचिवों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, निकायों के अमले सहित अन्य की मेहनत की बदोलत 29 नवंबर तक जिले में 91 फीसदी से अधिक मतदाताओं के गणना-पत्रकों का डिजिटाईजेशन किया जा चुका था। पांचों विधानसभाओं के लिहाज से बात करें तो कार्य पूर्णता में खिलचीपुर विधानसभा फिलहाल अव्वल है। उक्त कार्य को पूर्ण करने की अंतिम तिथि 04 दिसंबर के हिसाब से अब सिर्फ पांच ही दिन शेष रह गए हैं।

निर्वाचन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 11 लाख 78 हजार 113 मतदाता हैं जिनमें से 29 नवंबर की शाम 4 बजे की स्थिति में 10 लाख 75 हजार 643 मतदाताओं के गणना-पत्रकों का डिजिटिलाईजेशन किया जा चुका था।

**कुछ मृत, कुछ के ट्रांसफर व अन्य कारण**

निर्वाचन विभाग के अनुसार जिले में कई ऐसे मतदाता हैं जो मृत हो चुके हैं, उनके ट्रांसफर हो चुके हैं या उनके डबल नाम जुड़े थे या अन्य भी बहुत से कारण है, जिसके चलते गणना-पत्रक कलेक्टर नहीं हो पा रहे हैं।

### मौके पर मौजूद खपरेलू टपरी हटाने की बात पर आपस में भिड़े दोनों पक्ष

# न्यायालय के आदेश पर कब्जा दिलाने पहुंची राजस्व टीम



**खिलचीपुर।** सिविल न्यायालय के आदेश पर न्यायालय नायब तहसीलदार टप्पा भोजपुर के द्वारा आदेश आवेदक विराम पिता गोपीलाल, अमरचंद पिता गोपीलाल जाति तंवर निवासी छतरपुरा तहसील खिलचीपुर द्वारा ग्राम छतरपुरा स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 3/54/1,3/54/2,20/1,20/3/2 की भूमि के संबंध में व्यवहार न्यायालय वरिष्ठ खंड खिलचीपुर जिला राजगढ़ मध्य प्रदेश के आरसीएआर एध्ध2023 बीरम तंवर पिता गोपी लाल तंवर विरुद्ध बीरम तंवर पिता स्वर्गीय प्रभूलाल तंवर आदि में पारित निर्णय 30 अक्टूबर की प्रति प्रस्तुत कर कब्जा किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिस पर न्यायालय के आदेश के पालन में पारित आदेश अनुसार आवेदक को ग्राम छतरपुरा स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 3/54 /1 3/54/2,20/1, 20/3 का कब्जा दिलाए जाने हेतु राजस्व टीम अभिनय शर्मा प्रभारी राजस्व निरीक्षक, अवधेश पारीक हल्का पटवारी, देवेंद्र मीणा, अजय मीणा आदि मौके पर पहुंचे। कच्चे टपरेलू मकान बीरम पिता प्रभु लाल तंवर आदि परिवार जनों के बने पाए जाने पर वरिष्ठ अधिकारी से आगामी तिथि में उचित बल की मांग करने की बात कर दबे पांव वापस लोट आए। जैसे ही राजस्व टीम गांव के बाहर निकली ही थी कि खपरेलू मकान बनाकर रहने वाले लोगों ने प्रभु लाल पिता गोपी लाल तंवर पर लाठी से हमला कर दिया, जिससे प्रभु लाल पिता गोपीलाल के सिर पर चोट आई। जिसकी पपडेल चौकी पर रिपोर्ट दर्ज कर खिलचीपुर मेडिकल हेतु भेजा गया।

**इनका कहना है**

जांच दल भेजा है, अभी रिपोर्ट आने पर ही कुछ बता सकेंगे।

रणधीर सिंह मीणा, नायब तहसीलदार, भोजपुर

## शीतलहर के साथ पड़ रही तेज ठंड, अलाव जलवाने की मांग

**राजगढ़।** जिले में हल्की शीतलहर के साथ तेज ठंड का दौर शुरू हो चुका है। दिन में भलेही तेज धूप निकल रही है लेकिन शीतलहर भी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। ऐसे में आमजन नगर पालिका से नगर के प्रमुख चैक-चैराहों, अस्पताल परिसर, बस स्टैंड आदि स्थानों पर अलाव के लिए लकड़ियां डलवाने की मांग करने लगे हैं। आमजनों के साथ ही नगर के निराश्रित मवेशियों के लिए भी अलाव की तपन काफी फायदेमंद होती है। हालांकि, नगर के सेवाभावी नवयुवकों एवं गौसेवा समितियों द्वारा गौमाताओं के अलाव के लिए लकड़ियां जरूर नगर के विभिन्न स्थानों पर डलवाई जा रही हैं पर आमजनों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत नपा ने यह काम अभी तक शुरू नहीं कराया है।

# फिर हुई लूट की घटना, 3 वर्ष पहले हुई लूट का आजतक कोई सुराग नहीं




**कुरावर।** निरंतर बढ़ती जा रही लूट और चोरी के मामलों में शनिवार सुबह एक मामला और सामने आया। बीती रात कुरावर थाना क्षेत्र की तीज बडली में एक बार फिर लूट की घटना को अज्ञात लुटेरों ने अंजाम दिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार शनिवार दरमियान रात्रि करीब 3 बजकर 45 बजे को तीज बडली के समीप कार को पंचर कर नगदी व ज्वेलरी अज्ञात लूटेरे लूट कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। जानकारी में पता चला है कि फरियादी सत्यम भट पिता श्रीकांत भट उम्र 28 निवासी टीलाजमापुरा भोपाल बीनागंज में श्रीखाटू श्याम के भजन करके अपने साथियों के साथ कार से लौट रहे थे तभी तीज बड़ली के पास इनकी कार पंचर हो गई। ड्राइवर ने बाहर निकलकर देखा तो कार के चक्के की हवा पूरी तरह निकल गई थी। ड्राइवर ने चक्का खोलने लगा तथा अभी नट खोले ही थे की झाड़ियों की तरफ से तीन बदमाशो ने इनपर हमला कर दिया और हथियार दिखाकर कार में बैठे सत्यम से 35,100 रुपए तथा हाथ में पहनी दो चांदी की अंगूठी निकलाकर भाग गए। किसी तरफ पीड़ित ने कुरावर पहुंचकर पुलिस को पूरी जानकारी दी।

**3 वर्ष पहले भी इसी स्थान पर हुई थी लूट की घटना**

06 दिसंबर 2022 को भी उक्त स्थान के पास उत्तर प्रदेश में शादी समारोह से लौटकर भोपाल की ओर आ रहे एक परिवार के साथ लूट की वारदात हुई थी। जिसमें परिवार की एक महिला ने पहन रखे 4 लाख के सोने के आभूषण, अंगूठी सहित 8 हजार नकदी की लूट हुई थी। कुरावर पुलिस आज तक उक्त घटना के आरोपी नहीं पकड़ पाई वहीं अब ये नई घटना हो गई। अब पुलिस के सामने दोबारा घटना की चैलेंज है।

### अंडर-13 बालक वर्ग क्रिकेट चयन ट्रायल्स संपन्न

# 80 से ज्यादा खिलाड़ियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिला अंडर-13 (बालक वर्ग) क्रिकेट चयन ट्रायल्स शनिवार को ब्यावरा के पीजी कॉलेज मैदान में संपन्न हुए। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित इन ट्रायल्स में जिलेभर से लगभग 80 बाल खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ट्रायल्स के दौरान खिलाड़ियों का बल्लेबाजी, गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण और फिटनेस टेस्ट जैसे विभिन्न कौशलों पर मूल्यांकन किया गया। चयनकर्ताओं में राज लववंशी, ऋषि शर्मा और दिलीप बैस शामिल थे।

इस अवसर पर राजगढ़ जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव निपेन्द्र सोलंकी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों के तकनीकी और शारीरिक प्रदर्शन का गहन मूल्यांकन किया। ट्रायल्स के बाद 18 खिलाड़ियों का प्रारंभिक चयन किया गया है। इन चयनित खिलाड़ियों को आगामी प्रशिक्षण कैंप में शामिल किया जाएगा। एसोसिएशन ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की सूची जल्द ही सार्वजनिक की जाएगी। प्रशिक्षण कैंप के बाद, इन 18 खिलाड़ियों में से 11 सदस्यीय अंतिम टीम का गठन किया जाएगा। यह टीम प्रदेश स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। राजगढ़ जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अभिभावकों को उनके बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए धन्यवाद दिया। एसोसिएशन ने उम्मीद जताई कि जिले में क्रिकेट प्रतिभा का विकास जारी रहेगा।

## नि:शुल्क साइकिल विरतण कार्यक्रम आयोजित

**खुजनेर।** अमर शहीद मनीष विश्वकर्मा शासकीय बालक उमावि खुजनेर में मध्य प्रदेश शासन की योजना अंतर्गत निःशुल्क साइकिल विरतण कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमर सिंह यादव के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता केदार काका गुप्ता मंडल अध्यक्ष सुरेश दांगी, पूर्व नगर अध्यक्ष पंकज शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा छुट्टन पूर्व नगर उपाध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता लोकेंद्र यादव, प्रेमनारायण यादव,मुकेश यादव अरविंद गुप्ता, अरूण एवं अन्य भाजपा नेता एवं पार्षद गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में राधेश्याम शर्मा द्वारा स्वागत गीत एवं कन्हैयालाल दांगी द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। प्राचार्य मनोहर जायसवाल द्वारा विद्यालयीन गतिविधियों एवं उपलब्धियों से संक्षिप्त परिचय दिया गया राजगढ़ विधानसभाके विधायक अमर सिंह यादव द्वारा छात्रों को बेहतर परीक्षा परिणाम लाने हेतु शुभाशीष दिया।

### महिला बाल विकास विभाग ने दंड व भवानीपुरा पंचायत में किए आयोजन

# ग्राम चौपालों में कुप्रथाओं को त्यागने दिलाया सामूहिक संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बाल विवाह मुक्त राजगढ़ अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दंड एवं भवानीपुरा ग्राम पंचायतों में जागरुकता चौपालों का आयोजन किया गया।

विभाग के डीपीओ श्यामबाबू खरे निर्देशन में आयोजित इस चौपाल में सुश्री संतोष चौहान ने बताया की खिलचीपुर परियोजना के 36 ग्राम पंचायत में लगभग 70 गांवों के लोगों को बाल-विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान 06 बाल-विवाह भी समझाईस उपरान्त सफलतापूर्वक रोके गए हैं। बाल विवाह न केवल व्यक्तिगत बल्कि सामाजिक विकास को अवरुद्ध करता है। चौपाल में बताया गया कि कहीं पर भी बाल-विवाह होने पर कंट्रोल रूम में सूचना दी जा सकती है। सभी को इस अभियान से जुड कर सामूहिक प्रयासों से कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लेना होगा। अभियान की नोडल अधिकारी एवं वन स्टॉप केंद्र प्रशासक रश्मि चौहान द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य, रूपरेखा और समाज की भूमिका को समझाया गया।




**इन नंबरों पर मिलेगी सहायता**

श्रीमती चौहान ने कहा कि हमारा उद्देश्य है बाल विवाह, बाल सगाई को पूर्णतः रोकना है। लोगों की सहायता और सूचना हेतु चाइल्ड के हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन 181, बाल-विवाह कन्ट्रोल रूम वन स्टॉप सेंटर में संचालित है, जिसका नंबर 07372-254360 है। कार्यक्रमों के उपरान्त उपस्थितजनों को कुप्रथाओं को त्यागने के संबंध में सामूहिक संकल्प दिलवाया गया।